तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




12 शासकीय भूमि पर कहीं बनाए जा रहे थे मकान, तो कहीं बन ...





14 शहरी पथ विक्रेता को व्यवसाय के लिए कम...


## दुनियाभर में हिंदी भाषा बोलने वालों को एक सूत्र में पिरोना है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस मनाने का एक खास मकसद दुनियाभर में हिंदी भाषा बोलने वालों को एक सूत्र में पिरोना है। यह एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। हर साल हिंदी दिवस को अलग थीम पर बनाया जाता है। हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। नुतेश्वर चंद्राकर ने विश्व हिंदी दिवस के पीछे का इतिहास बताते हुए कहा कि 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में सबसे पहला विश्व हिंदी दिवस मनाया गया था। इसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे।

### मिडिल स्कूल सिंघौरी में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस

- पहला हिन्दी दिवस 1975 को नागपुर में मनाया गया जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए
- हर साल हिंदी दिवस को अलग थीम पर बनाया जाता है, ताकि अधिक से अधिक जानकारी दे सकें



विश्व हिंदी दिवस को औपचारिक रूप से मनाने की घोषणा साल 2006 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने की थी। साल 2006 के बाद से इसे हर साल मनाया जाता है। चूंकि पहला विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया गया था। इसलिए हर साल 10 जनवरी को इस दिवस को मनाते हैं। यह उस दिन को चिह्नित करता है जब साल 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोली गई थी। इस अवसर पर शाला में रामगोपाल चंद्राकर संकुल प्राचार्य,मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक सहित धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए

**बेमेतरा।** कलेक्टर ने कैलेंडर वर्ष 2025 में जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। इसके अनुसार गणेश चतुर्थी के अवसर पर 27 अगस्त, दशहरा (महानवमी) के अवसर पर 30 सितंबर और दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर सोमवार 21 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय में लागू नहीं होगा। इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए है।

### पुलगांव में लोक महोत्सव आज से

**अंडा।** पुलगांव में प्रति वर्ष की तरह इस साल भी नवयुग दुर्गा समिति एवं वार्ड वासी के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का 11 जनवरी से शानदार आयोजन होगा। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु ) ने बताया कि चार दिवसीय होने वाले लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल के कलाकारों द्वारा रामचरित्र मानस गान का पाठ, बांस गीत, सुवा नित्य, राउत नाच का आयोजन होगा एवं साथ ही साथ गांव में मेला मड़ई और रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू संगी भी अपनी प्रस्तुति देंगे। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। समिति के संचालक दिनेश यादव एवं सतीश साहू ने लोक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### वाहन चालक करें हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट का उपयोग

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने मोटरयान (संशोधन) अधिनियम 2019 अंतर्गत वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के संबंध में शासकीय सेवकों के लिए आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि बढ़ती हुई सड़क दुर्घटना को देखते हुए शासकीय सेवकों द्वारा वाहन चालन के समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण करना अनिवार्य है, जिससे स्वयं, परिवारजन एवं जन सामान्य की सुरक्षा के साथ–साथ नियमों की अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने जिले के समस्त कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय में पदस्थ, कार्यरत समस्त अधिकारी–कर्मचारियों को वाहन चालन के समय अनिवार्य रूप से यातायात के निर्देश एवं नियमों का पालन करने कहा है।

### किसानों से ऋण वसूली शिविर 15 से

**बालोद।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सेवा सहकारी समिति पोण्डी एवं सांकरा क में 15 जनवरी तथा धनेली एवं कनेरी में 17 जनवरी को ऋण वसुली शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि 15 जनवरी को जिले के बालोद विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पोण्डी में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तथा सेवा सहकारी समिति सांकरा क में दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 17 जनवरी को जिले के गुरूर विकासखण्ड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धनेली में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तथा सेवा सहकारी समिति कनेरी में दोपहर 1.30 से 3.30 बजे तक ऋण वसूली शिविर आयोजित की जाएगी।

## विडंबना: अस्थायी बिल्डिंग बनी समस्या, 2 वर्ष गुजर जाने के बाद कही भी नई नहीं बन पाई

# सीमित संसाधन व अपर्याप्त सुविधाओं के बीच हो रहा देवरबीजा कॉलेज में पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मंच-मैदान सहित पर्याप्त पार्किंग जगह को लेकर परेशानी

शासन-प्रशासन द्वारा पूर्व में जिलेभर के विभिन्न इलाकों से कॉलेज की निरन्तर मांगों पर घोषणा करते नवीन महाविद्यालय खोल तो दिया गया, लेकिन वर्तमान स्थिति में 02 वर्ष गुजर जाने के बाद कही भी कॉलेज की स्थायी बिल्डिंग नहीं बन पाई है और न ही प्रबन्धन द्वारा महाविद्यालय की सम्पूर्ण सुविधा विद्यार्थियों को दे पा रही है, जो जिले की एक अहम समस्या साबित हो रही है।

दरअसल शासन-प्रशासन द्वारा स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए बेमेतरा जिला के नांदघाट, भिम्भौरी, देवरबीजा, ठेलका, बोरतरा एवं दाढ़ी में नवीन महाविद्यालय की घोषणा हुआ थी, जिसके बाद सीमित संसाधनों व सुविधाओं के साथ विगत दो वर्षों से लगातार पढ़ाई भी अस्थायी भवन व व्यवस्थाओं के सहारे संपन्न होते आ रही है। वही इन्ही के बीच अब स्थायी बिल्डिंग एवं सुव्यवस्थित सुविधाओं को लेकर कॉलेजों में समस्याएं स्पष्ट नज़र आने लगी है। जिसका ताजा उदाहरण देवरबीजा स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति एवं स्वरूप देखकर अंदाज़ा लगाया जा सकता है।




फिलहाल नवीन कॉलेज देवरबीजा बीते दो साल से केवल 6 कमरों के स्कूल बिल्डिंग पर भी संचालित हो रही है, जिसमे सुबह के वक्त स्वामी आत्मानन्द हिंदी मीडियम स्कूल का क्लास लगता है फिर 11 के बाद कॉलेज छात्र-छात्रा आकर पढ़ाई करते है। फिलहाल यहां तीनों संकाय की 270 सीटों में से मात्र 190 विद्यार्थी ही एडमिशन लेकर नियमित अध्ययन कर पा रहे है, अस्थायी बिल्डिंग होने से यहां पर परीक्षा केंद्र के लिए बेमेतरा के सरकारी कॉलेज पर निर्भर रहना पड़ता है।

### ऑपरेटर, प्यून, टेक्नीशियन व लैब अटेंडेंट के पद रिक्त

इस नवीन कॉलेज के स्टॉफ की बात की जाए तो यहां 01 नियमित प्राध्यापक व 11 गेस्ट टीचर, 01 बाबू व 01 ही लैब टेक्नीशियन पदस्थ है। जबकि यहां ऑपरेटर, प्यून, टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट व सहायक ग्रेड के कर्मचारियों की अति आवश्यकता है। इसके अलावा स्वयं का भवन न होने से यहां पानी, सड़क, बिजली, बाउंड्रीवाल, मंच-मैदान सहित पर्याप्त पार्किंग जगह को लेकर परेशानी बना हुआ है। जिसमें सीमित संसाधनों एवं सुविधाओं के बीच कॉलेज निरन्तर चल रहा है, जो आगामी दौर में क्लासों के बढ़ने पर अतिरिक्त भवन की स्वतः जरूरत पड़ेगी। जबकि इसी प्रकार ही दाढ़ी, ठेलका, बोरतरा, भिम्भौरी एवं नांदघाट में मूलभूत सन्साधन व सुविधाओं को लेकर समस्या दिख रही है जिस पर शासन-प्रशासन को तत्काल इस सम्बंध में गम्भीरतापूर्वक व्यवस्था कराई जानी चाहिए।

## उपार्जन में 137689 किसानों ने 736753 मीट्रिक टन धान बेचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य जारी है।

जिले के 129 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 137689 किसानों ने 736753.49 मीट्रिक टन धान की बिक्री की है, जिसकी कुल कीमत 1695.11 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्य 9 जनवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जिला खाद्य अधिकारी के अनुसार, जिले में अब तक 268382.49 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। शेष धान के उठाव और परिवहन का कार्य मिलरों के माध्यम से तेजी से चल रहा है। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए हैं।

### किसानों को भुगतान में प्रगति

जिले में 137689 किसानों को कुल 1695.11 करोड़ रुपये का धान खरीदा जा चुका है । जिसमें से 122663 किसानों को 1450.24 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान भी सुनिश्चित हुआ है। वहीं, किसानों से लिंकिंग की राशि के रूप में 392.94 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को धान उठाव प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का पूरा ध्यान इस बात पर है कि धान उपार्जन और परिवहन में कोई बाधा न आए और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो। धान उपार्जन प्रक्रिया की सफलता किसानों और प्रशासन की संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की यह पहल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।

## शिक्षिका ने किया उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में हिंदी दिवस पर आयोजन

साजा विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर अपनी संस्था में अध्ययनरत बारह बच्चों को उनकी गतिविधियों में हिस्सेदारी के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।




प्रधानपाठक किशुन राम साहू, संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु एवं संस्था की शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने इन बच्चों का ग़ुलाल लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें सबके सामने सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें प्रदान किया है। प्रधान पाठक एवं संस्था के सभी शिक्षकों ने इस अवसर पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दी दिवस की शुरुआत दस जनवरी 2006 को भारत सरकार ने की थी। इस दिन को ख़ास तौर पर हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से मनाया जाता है।

इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और भाषा की वैश्विक पहचान बनाने का प्रयास किया जाता है। सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनायें प्रेषित की। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य तथा बच्चे उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को स्वस्थ और समृद्ध बनाने का कार्य जोरों पर

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना व पीएम स्वनिधि योजना
- निकाय क्षेत्र में पथ विक्रेताओ का परीक्षण कैम्प आरम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना व पीएम स्वनिधि योजना के तहत शुक्रवार से निकाय में शहरी पथ विक्रेताओ का परीक्षण कैम्प आरम्भ किया गया | मुख्यमंत्री व नगरी प्रशासन मंत्री के नेतृत्व में चल रही दोनों महत्वकांक्षी योजनाओं से निकाय के सम्पूर्ण हितग्राहियों को स्वास्थ्य एवं समृद्ध बनाने का लक्ष्य आगामी माह में पूर्ण किया जाना नपा ने निश्चित किया है।

जानकारी अनुसार मेडिकल मोबाइल यूनिट निकाय ने सुबह 8 से शाम 3 बजे तक के लिए अपनी सेवा देती है। जिसमे डाक्टर , लैब टेक्नीशियन , फार्मासिस्ट व नर्स रहते है | मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट निशुल्क होते है | नर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन करने के बाद डॉक्टर द्वारा मरीजो को उचित परामर्श देकर लैब टेस्ट एवं अन्य टेस्ट कराया जाता है | टेस्ट रिपोर्ट के अनुसार उन्हें दवाइया निशुल्क दी जाती है | मोबाइल प्ले स्टोर के माध्यम से एमएमयू मोबाइल सीजी शुदा के माध्यम से भी एप्लीकेशन एप डाउनलोड कर हितग्राही अपना पिछला और वर्तमान ओपीडी देख सकते हैं। साथ ही साथ मरीज अपने शहर में मोबाइल यूनिट के लोकेशन को ट्रेस कर सकते हैं।

### स्वच्छता दीदियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

शहर में संचालित मिशन क्लीन सिटी योजनान्तर्गत शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनान्तर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया | स्वास्थ्य परीक्षण में उन्होंने अपना वजन, बीपी शुगर, पल्स, ब्लड आदि टेस्ट कराया | एमएमयू में टिटनेस का टीका भी लगवाया और परीक्षण उपरांत आवश्यक दवाई प्राप्त किया |

## महिला प्रदर्शनकारियों पर भी सख्ती, धरनास्थल से खदेड़ा

# गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को न्यायालय से नहीं मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पुलिस बल बढ़ाया, किया फ्लैग मार्च

पथर्रा गाँव में एथेनॉल प्लांट के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान गुरुवार को गिरफ्तार 10 प्रदर्शनकारियों को शुक्रवार को जमानत नहीं मिल पाई। उनकी सुनवाई अब सोमवार तक के लिए टाल दी गयी है। पथर्रा में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन ने अन्य प्रदर्शनकारियों को मौक़े स्थल से खदेड़ते हुए, कुछ स्थानीय महिलाओं को भी हिरासत में लेने की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि विगत दो दिनों से एथेनॉल प्लान्ट के मालिक सड़क के रास्ते फैक्टरी जाना चाह रहे थे, किन्तु रोड पर प्रदर्शनकारियों की उपस्थिति से पहुंच पाना आसान नहीं था। आन्दोलन के नेतृत्वकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विरोध जारी रखा। जिसके बाद सुबह ही पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदर्शनस्थल पर आंदोलनकारियों की टेंट व अन्य जरूरी सामानों की जब्ती बनाते हुए खदेड़ते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जिसके कुछ देर बाद ही फैक्टरी प्रबंधन द्वारा सुरक्षित इथेनॉल प्लांट के मालिक कार से फैक्टरी पहुंचने में सफल रहे।



### गांव में फोर्स तैनात

इस बीच प्लाण्ट के आसपास भारी तादाद में पुलिस फोर्स में जवान तैनात रहा ,जो गाँव में फ्लैग मार्च करते हुए शान्ति व्यवस्था के तत्परता से नज़र आ रहे थे। हालांकि प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि उनके गांव में इथेनॉल प्लान्ट के खुल जाने से प्रदूषण बढ़ेगा। जिसके विरोध में वे सब काफी अरसे से फैक्टरी प्रबन्धन के खिलाफ आंदोलन को बाध्य हैं। किन्तु फैक्टरी मालिक द्वारा आंदोलनकारियों की नामजद शिकायत होने से वे सब प्रशासन से नाराज चल रहीं हैं7 जिसके कारण वे सड़क पर अवरोध लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे, जिसे पुलिस ने हटा दिया है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**

### कड़ेना एनीकट निर्माण के लिए 4.47 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने रायगढ़ जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के कड़ेना एनीकट निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 47 लाख 31 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। योजना की कार्य पूर्ण हो जाने पर भू-जल संवर्धन एवं निस्तारी जल की सुविधा के साथ 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर संयंत्र एवं पाइपलाइन के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से एनीकट निर्माण कार्यों को कराने मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### सीएमओ ने समस्याओं का किया समाधान, मिली राहत

**दल्लीराजहरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी ने गत दिनों वार्ड क्रमांक 15 का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जनप्रतिनिधियों की बातों का सम्मान किया। वार्ड में पेयजल के लिए पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई। नाली की सफाई का कार्य कर समस्या का तुरंत समाधान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उप अभियंता और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के विकास और जन सुविधाओं के कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अचानक से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपने बीच पाकर लोगों के चेहरे में खुशियां देखने को मिली। इस निरीक्षण के दौरान उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, नल-जल और सफाई विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

### नाले में नवजात का शव

**भिलाई।** नवजात की लाश नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना शिवाजी नगर खुर्सीपार की है। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर लगभग 1 से 2 बजे के बीच खुर्सीपार पुलिस को सूचना मिली कि शिवाजी नगर के पास स्थित नाले में नवजात की लाश पड़ी हुई है। सफाई कर्मी नाले की सफाई कर रहा था। इस दौरान नवजात की लाश सामने आई। पुलिस मौके पर पहुंची तो नवजात का नाले में पड़ा हुआ मिला है। संदेह जताया जा रहा है कि नवजात अवैध संबंध का नतीजा हो सकता है। जिसे फेंक कर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**भिलाई।** युवक ट्रेन से कटकर अपनी जान दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सिरसा गेट अण्डरब्रिज के पास डाउन लाइन पर 8 जनवरी की शाम पटेल पारा सोमनी भिलाई तीन निवासी नीलेश पटेल नामक युवक ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। युवक गांव से पैदल ही सिरसा गेट अण्डरब्रिज की ओर आया था। पुराने रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ देर खड़े होने के बाद भिलाई से रायपुर की ओर जा रही ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। शव को पीएम के लिए भेजा गया। जहां से पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।

# छात्रों ने उच्च न्यायालय का किया शैक्षणिक भ्रमण, न्याय प्रक्रिया को बारीकी से समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रेरणादायक शैक्षणिक अध्ययन यात्रा के अंतर्गत उच्च न्यायालय, बिलासपुर का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को न्याय प्रणाली की गहरी समझ प्रदान करना और उन्हें व्यावहारिक अनुभव से समृद्ध करना था। इस अध्ययन दौरे में ह्यूमैनिटीस संकाय और लीगल स्ट्डीस विषयांतर्गत 32 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनके साथ स्कूल के शिक्षक नवाब हुसैन और सुश्री प्रगति उपाध्याय ने सक्रिय रूप से उनका मार्गदर्शन किया। छात्रों ने उच्च न्यायालय में न्याय प्रक्रिया, कानून की जटिलताएं और उसके सामाजिक प्रभावों को बारीकी से समझा। और उन्हें यह जानने का अवसर मिला कि संविधान के माध्यम से नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की सुरक्षा कैसे की जाती है। साथ ही, उन्होंने समझा कि उच्च न्यायालय के कोर्ट रूम में मामले कैसे प्रस्तुत किए जाते हैं और उनके फैसले किस तरह सुनाए जाते हैं। न्याय प्रणाली एक ऐसा स्तंभ है जो हमारे समाज को संतुलित और संगठित रखता है। इसे समझना और इसका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमारे छात्र-छात्राओं ने न केवल उच्च न्यायालय की संरचना और कार्यप्रणाली को देखा बल्कि न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के साथ संवाद कर अपने ज्ञान को और समृद्ध किया।

**छात्रों ने उच्च न्यायालय में न्याय प्रक्रिया को बारीकी से समझा**



**न्याय प्रणाली का अध्ययन सामाजिक दृष्टिकोण को मजबूत करता है**

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की न्याय प्रणाली का अध्ययन विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और सामाजिक दृष्टिकोण को मजबूत करता है। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल उनके ज्ञान को विस्तृत करेगा, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देगा। विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी ने कहा कि हमारा लक्ष्य छात्रों को किताबों की सीमाओं से परे जाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। उच्च न्यायालय का यह भ्रमण विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, नैतिकता और न्याय के प्रति गहरी समझ विकसित करने का एक स्वर्णिम अवसर है। स्कूल अपनी उन्नत और समग्र शिक्षा प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है। विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और व्यक्तिगत विकास की दिशा में भी प्रेरित करता है। इस तरह की अध्ययन भ्रमण छात्र-छात्राओं के भविष्य को सशक्त और उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।


## 1459 क्विंटल धान की गड़बड़ी

# धान खरीदी केंद्र में शार्टेज का खेल, 2302 बारदाने कम मिले, वजन भी कम पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत अभनपुर के सुंदरकेरा धान खरीदी केंद्र का भी भौतिक सत्यापन किया गया, जिससे यहां आबंटित किए गए बारदाना में शॉर्टेज के साथ धान खरीदी में गड़बड़ी पाई गई। जांच में उपार्जन समिति के ऑनलाइन सिस्टम में नया और पुराना मिलाकर बारदाने की संख्या 29626 दिखा रहा था, जबकि मौके पर 27324 बारदाने पाए गए।

इस तरह 2302 बारदाना शार्टेज मिले। ये बारदाने समिति ने कहां कर दिए, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके साथ ही समिति में मिले बारदानों के वजन में भी अंतर पाया गया, जिससे प्रति बोरी औसतन एक किलो धान का अंतर है। इस तरह समिति द्वारा किसानों से खरीदे गए धान में करीब 1459 क्विंटल की गड़बड़ी की गई है। विभाग ने इस मामले में समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब के साथ अपर कलेक्टर के न्यायालय में पेश होने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारी का कहना है कि तय समय में न्यायालय में जवाब के साथ पेश नहीं होने की स्थिति में समिति को निलंबन कर प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी। कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले के सभी 139 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का भौतिक सत्यापन करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। इस टीम में खाद्य विभाग के साथ अन्य दूसरे विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। ये टीमें अलग-अलग दिनों में अलग-अलग ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उपार्जन केंद्रों में जाकर धान खरीदी का भौतिक सत्यापन कर रही हैं। इस निर्देश के तहत 6 जनवरी को खाद्य निरीक्षक श्रद्धा चौहान के नेतृत्व में टीम ने सुंदरकेरा अभनपुर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करते हुए धान खरीदी का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उपार्जन केंद्र में 30 किसानों का धान क्रय के लिए टोकन जारी किया गया था। धान खरीदी केंद्र के स्टेक में रखे बोरों में से रेंडम आधार पर वजन कराया गया, जिसमें बोरों का औसत वजन 39.61 किलोग्राम प्रति बोरा दर्ज किया गया। जूट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार धान खरीदी किए जा रहे धान के बोरे का वजन 580 किलोग्राम दर्ज है, जबकि किसानों से खरीदे गए प्रति बोरे का वजन 40.580 किलोग्राम दर्ज किया गया। इस तरह प्रति बोरे में 1 किलो धान के अंतर का अनुमान लगाया गया है। इस तरह समिति ने किसानों से उस समय तक कुल 145920 बोरों में 58368 क्विंटल धान की खरीदी कर चुकी थी। इस तरह जांच में स्पष्ट है कि 1459 क्विंटल धान की अफरा-तफरी की गई है।



**इस तरह की अव्यवस्था भी मिली**

उपार्जन केंद्र में जमीन पर बनाये गये स्टेक में डेनेज की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके अलावा किसी भी स्टेक में धान का प्रकार का नाम एवं मात्रा का प्रदर्शन नहीं किया गया था, साथ ही तिथि व ग्राम वार धान खरीदी की जानकारी का भी प्रदर्शन नहीं किया गया था। इससे माना गया कि समिति द्वारा धान खरीदी में रुचि नहीं ली जा रही थी।

**ऑनलाइन में 2913.69 क्विंटल धान का अंतर मिला**

जांच में किसानों से खरीदे गए धान में भी भारी अंतर पाया गया। ऑनलाइन जानकारी के अनुसार 23601.20 क्विंटल शेष होना दर्ज है, लेकिन भौतिक सत्यापन में 15 स्टेक में कुल 55294 बोरा वजन 20697.51 क्विंटल पाया गया। इस प्रकार समिति में धान की मात्रा में 2913.69 क्विंटल धान का अंतर पाया गया।

**अपर कलेक्टर न्यायालय को सौंपा प्रकरण**

विभाग ने जांच की रिपोर्ट तैयार करते हुए इस संबंध में समिति के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिए छत्तीसगढ़ धान उपार्जन नीति 2024-25 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए समिति से पूछा गया है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 5 के तहत आखिर उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। विभाग ने इस प्रकरण को अपर कलेक्टर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। इस तरह अब समिति को न्यायालय में ठोस कारण के साथ जवाब प्रस्तुत करना होगा।

**जवाब संतोषजनक नहीं होने पर करेंगे कार्रवाई**

कलेक्टर के निर्देश पर सभी उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके तहत सुंदरकेरा उपार्जन केंद्र में गड़बड़ी मिली है, जिसे नोटिस जारी कर कोर्ट में जवाब के साथ पेश होने कहा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर समिति को निलंबित किया जाएगा।

- कीर्तिमान सिंह राठौर
अपर कलेक्टर, रायपुर खाद्य विभाग (प्रभार)

# संविधान गौरव दिवस अभियान में आज से होंगे भाजपा के कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन संविधान गौरव अभियान में 11 से 25 जनवरी तक लगातार कई कार्यक्रम करेगा। इसको लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परसिर में गुरुवार को बैठक हुई। संभाग स्तर पर जिम्मेदारी भी तय की गई है। जहां प्रदेश संयोजक नारायण सिंह चंदेल बिलासपुर संभाग, विधायक गुरु खुशवंत साहेब को दुर्ग संभाग, विधायक नीलकंठ टेकाम को बस्तर संभाग, डॉ. नवीन मारकंडे को सरगुजा संभाग और डॉ. किरण बघेल को रायपुर संभाग का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।समिति के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल ने बताया, 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 11 जनवरी से 25 जनवरी तक सभी प्रदेशों की राजधानी एवं प्रमुख केन्द्रों पर 50 गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इन गोष्ठियों में केन्द्र सरकार के मंत्री एवं भाजपा नेताओं का संबोधन होगा। इसी प्रकार सभी जिला केन्द्रों में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति छात्रावासों एवं कालेज संपर्क के माध्यम से युवाओं में भारत रत्न डॉ० बाबा साहब आंबेडकर के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा।

**कांग्रेस फैला रही भ्रम : पासवान**

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को कार्यशाला में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, इस देश में कांग्रेस ने इन 77 वर्षों में अपने हितों को लेकर संविधान का संशोधन किया है अब जब समाज में संविधान के मुताबिक हम विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफल हो रहे हैं तो कांग्रेस को पीड़ा हो रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ. गुरुप्रकाश पासवान कहा, कांग्रेस ने अपने लाभ के लिए संविधान को लेकर समाज में भ्रम फैलाने का कुत्सित कार्य किया है वह अक्षम्य है। संविधान हम सब के आस्था का पवित्र ग्रंथ है। जिसे लेकर कांग्रेस ने एक भ्रम फैलाकर बाबा साहब के अपमान के साथ-साथ ही संविधान का भी अपमान किया है।

## हिन्दी दिवस पर बच्चों ने सुंदर चित्रकारी की...



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को बताया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हिंदी अत्यंत समृद्ध भाषा है। हमें राष्ट्र भाषा का सम्मान करना चाहिए। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को हिंदी के साहित्यकारों एवं कवियों के नाम से परिचित कराते हुए छत्तीसगढ़ की में जन्म लेने वाले साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के जीवन से परिचित कराया। शिक्षिका विधि शर्मा ने कहा हमे चाहे कितनी ही भाषा का ज्ञान हो पर हिंदी सर्वोपरी है। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर चित्रकारी एवम पाठयपुस्तक आधारित कविता का पाठ किया चित्रकारी प्रतियोगिता में मीनाक्षी, रामेश्वरी, प्रेमिन, दुर्गा, नितिन एवम रोहन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की एवं लावण्या, बजरंग, दीपक ने कविता पठन किया।

### तेज रफ्तार कार पलटी एक घायल

**भिलाई।** प्लांट से काम कर घर लौट रहे कर्मी को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दिया। हादसे में घायल कर्मी को उपचार के लिए सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचाया गया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रात में सूचना मिलने पर रेल चौक के पास टीम पहुंची। जहां कार ने बाइक सवार को जोरदार ठोकर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद कार सड़क पर पलट गई है। कार पलटने के बाद लोगों ने कार चालक को अंदर से बाहर निकाला। उसने पुलिस को बताया कि वो जाट भवन में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल करके वापस घर लौट रहा था। रेल चौक के पास पहुंचा था कि अचानक उसके सामने बाइक सवार आ गया।

### मंत्रिमंडल विस्तार अब मकर संक्रांति के बाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों के बीच एक बार फिर विस्तार के लिए तारीख की नई संभावना सामने आई है। अब बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार मकर संक्रांति के बाद होगा। मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाती है। हालांकि इस बारे में अभी सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही अटकलों के बीच कहा जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों को लेकर सरकार व राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया भी चल रही है, लेकिन अभी ये तय नहीं है कि इन स्थानीय चुनावों के लिए अधिसूचना कब जारी की जाएगी। लिहाजा ये बात भी सामने आ रही है कि स्थानीय चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है। जानकारों का अनुमान ये भी है कि स्थानीय चुनावों के लिए जारी होने वाली अधिसूचना के एक दिन पहले मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है। इस हिसाब से भी विस्तार की तारीख मकर संक्रांति के आसपास हो सकती है। इस बीच मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार जल्द किया जाएगा।

# बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में नालसा के निर्देशानुसार गठित /"बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट/" एवं लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय के संबंध में 9 व 10 जनवरी 2025 को यूनिटों का ओरियेंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यकम में देवेन्द्र कुमार, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, द्वारा बालक साक्षी, बच्चों को गोद लेने, अपराध के शिकार बच्चों, अभिरक्षा में निरूद्ध बंदियों के बच्चों के संबंध में एवं मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के संबंध में कानूनी सेवाएं, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय, योजनाएं एवं विधिक प्रावधानों को बताया गया एवं आगामी सत्र में उमेश कुमार उपाध्याय, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, द्वारा देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं, पारिवार आधारित देख-भाल, गुमशुदा/तस्करी किये गये बच्चों और बाल श्रम से बचाएं गये बच्चों के लिए पुलिस स्टेशन में सुविधा एवं मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के अधिकार व हक से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय, योजनाएं एवं विधिक प्रावधानों को बताया गया एवं श्रीमती निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के द्वारा नालसा (बच्चों के लिए बाल विधिक सेवाएं) योजना, 2024, नालसा (मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना, 2024 के कार्यान्वयन की दिशा में विधिक सेवाएं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, भिक्षावृत्ति करने वाले व्यक्तियों के लिए योजनाएं, महिला संरक्षण गृह, बाल संरक्षण गृह, जेल में कानूनी सेवाएं, तालुका में कानूनी सेवाएं, गृह भ्रमण के माध्यम से विधिक सेवाएं, समाज कल्याण विभाग से लाभ उठाने हेतु कानूनी सेवाएं तत्संबंध में कार्य कर रही अन्य संस्थाएं और एजेंसियों के साथ सम्पर्क, जागरूकता और सहयोग पर जानकारी दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में /"बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट एवं लीगल सर्विस यूनिट- मनोन्याय के समस्त सदस्यगण, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, पैनल अधिवक्तागण, समस्त अधिकार मित्र प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।


# कस्टम मिलिंग से बचा हुआ धान नीलाम करेगी सरकार

## मंत्रिमंडलीय उप समिति ने की सरप्लस 40 लाख मीट्रिक टन धान निराकरण पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग के बाद बचे धान को नीलाम करने का निर्णय मंत्रिमंडलीय उप समिति ने लिया है। बताया गया है कि अनुमानित 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होगी।

केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का निष्पादन हो सकेगा। लगभग अतिशेष 40 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी के लिए निविदा प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि धान खरीदी के बाद फरवरी के दूसरे सप्ताह में नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय पर सहमति बनी है। अंतिम निर्णय मंत्रिपरिषद की बैठक में तय होगा। मंत्रिमंडलीय उप समिति के सदस्यों ने शत-प्रतिशत धान के निराकरण के लिए अपने-अपने सुझाव भी दिए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन संभावित है। भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय पूल में 70 लाख मीट्रिक टन चावल एवं नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य में 14 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जाना है। इससे लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव होगा। वहीं लगभग 40 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण शेष रहेगा। जिसकी नीलामी कर निराकरण किया जाना है। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल शामिल हुए।



**लक्ष्य से अधिक धान खरीदी का अनुमानः** बैठक में अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 का शुभारंभ

**डौंडीलोहारा।** शासन की महत्वकांक्षी योजना में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2-0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बीएलसी घटक अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान के तहत शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार प्राप्त आवेदनों की आनलाइन एंट्री पीएम आवास योजना के वेब यूनीफाइड पोर्टल में की जा रही है। आनलाइन एंट्री में आवेदक के आधार से लिंक मोबाइल नंबर में ओटीपी आता है। आनलाइन की प्रक्रिया नगर पंचायत कार्यालय के आवास योजना शाखा से किया जा रहा है। नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के सीएमओ अशोक चौबे द्वारा आवेदक के मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को ऑनलाइन एन्ट्री करने वाले कर्मचारी को ही देने की अपील की गई है। सीएमओ ने कहा जिसे आप जानते है उसी को ही ओटीपी बताएं। अन्य किसी बाहरी व्यक्ति को ओटीपी साझा न करें, जिससे की गोपनीय जानकारी का दुरूपयोग होने से बचा जा सके। अन्य किसी प्रकार के फ्रॉड का शिकार होने से बचा जा सके।

### पार्षद विद्या ने अपनी निधि से किया डस्टबीन का वितरण

**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों नगर की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या शर्मा ने वार्डवासियों की मांग पर वार्ड में घर-घर घूमकर गीला एवं सूखा कचरा संग्रहण के लिए डस्टबीन का वितरण किया गया। विदित हो कि श्रीमती विद्या शर्मा ने वाटर फ्रीजर मशीन आत्मानंद स्कूल एवं शासकीय कन्या, पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल लोहारा में वाटर फ्रीजर देने की घोषणा की है। इसके पूर्व शासकीय हाई स्कूल में भी फ्रीजर मशीन देकर छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल का लाभ प्रदान किया है।

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 14 को

**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 14 जनवरी को आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई व किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 के रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक अपर कलेक्टर डीआर ठाकुर की अध्यक्षता में 14 जनवरी को जिला कार्यक्रम अधिकारी कक्ष में शाम 04 बजे आयोजित की जाएगी।

### मनौद में मड़ई मेला कल

**बालोद।** ग्राम मनौद में 12 जनवरी को मड़ई मेले का कार्यक्रम रखा गया है, इसमें रात्रि कालीन में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नाचा कार्यक्रम रखा गया। मड़ई की विस्तृत जानकारी लक्कू साहू ने दी।

### बाघमरा में मानव एकता महासम्मेलन 13 से

**गुण्डरदेही।** मकर संक्रांति पर मानव कल्याण संस्थान बाघमरा में 13 एवं 14 जनवरी को मानव एकता महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। इसमें बुरहानपुर मध्यप्रदेश के संत मंडली के साथ संत अमोही साहेब कबीर मंदिर नागझरी का दिव्य सत्संग प्रवचन होगा।

---

## समारोह : संत जगत गुरु रामानंदाचार्य स्वामी मौजूदगी में के हुआ मानस मंथन की पूर्णाहुति

# राम भजनों से झूमे श्रोता, कोटगांव की मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला




जिले का आदर्श ग्राम जहा बीते वर्षों पदम् विभूषित राम किंकर महराज की कृपा पात्र शिष्या दीदी मां मंदाकिनी के द्वारा मानस पीयूष वर्षण व अलंकरण समारोह का अद्वितीय आयोजन सम्पन्न हुआ था।

इस ऐतिहासिक अद्वितीय आयोजन का पूरा भारत वर्ष साक्षी रहा है। श्री राम सेवा सत्संग समिति पीपरभट्ठा व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से इस परम्परा को निरंतर प्रवाहित करने के क्रम में इस वर्ष जगद गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्ये महराज हरि धाम पीठ गोपाल मंदिर राम घाट अयोध्या स्थानीय विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, दीपक गुहा, देवलाल सिन्हा, जगजीत सिंह, विजय सिन्हा के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। स्वामी जी ने कहा कि मानस के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण ही यज्ञ को सफल बनाता है तीन दिवसीय मानस महाकुंभ में छत्तीसग की भाग्यशाली मानस मंडलियों ने शिरकत किया। जिसमें प्रथम स्थान राम सिया मानस मंडली कोटगांव धमतरी को प्राप्त हुआ। पुरस्कार के क्रम में द्वितीय श्री हरि ओम मानस मंडली धर्मी बालोद, तृतीय जय बजरंग मानस मंडली देवारभाट, चतुर्थ श्री शिव सुमन मानस मंडली भीरई, पंचम श्री शिव सुमन मानस मंडली बोरझरा, छठवां श्री गुरुकृपा मानस मंडली बेलमांड, सप्तम दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी, आठवां रघुवर मानस मंडली चर्रा, नवम प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली खाम्ही बेमेतरा, दसवा श्री राम मानस मंडली मोतीपुर को प्राप्त हुआ। विशेष हारमोनियम मानस परिवार धरसीवा व्याख्या सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली घटियाखुर्द तबला प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा वही श्रेष्ठ श्रोता में रति राम यदु को सम्मानित किया गया। माँ भद्रकाली जिला मानस संघ एवं मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़ जो नित नए आयाम छत्तीसगढ़ में गढ़ रहे हैं। उन्हें इस आयोजन में आशीर्वाद के रूप में सम्मान दिया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में दीपक गुहा संस्थापक, जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा, शिव साहू पार्षद डा ओंकार चंद्राकर, राजकुमार ताम्रकार, माखन साहू, महेश साहू, ओम यदु, सुरेन्द्र देवदास, पोषण सिन्हा, नरेंद्र जयसवाल, पूर्व तहसीलदार नवागढ़ उत्तम साहू, भरत साहू, कल्याणी सेन, पप्पू सेन, हेमराज भार्गव, ब्रिजमोहन सिन्हा सहित समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में पीपरभट्ठा में बिहारी यादव, विष्णु साहू, लखन वर्मा, लक्ष्मण चौहान, थलेश्वर साहू, टीकाराम साहू, रमेश साहू, मनोहर यदु, कपिल वर्मा, छगन साहू, अंशु साउंड, गजेंद्र वर्मा, धनेश वर्मा, तह अध्यक्ष महेश साहू, अर्जुन साहू, लता साहू सहित समस्त ग्राम वासी पिपरभट्ठा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संतोष साहू, उत्तम साहू, लखन वर्मा ने किया। अंत में मंच संयोजक विष्णु साहू एवं छगन साहू ने सभी का आभार प्रकट किया।

## लेंजवारा में मानस गान एवं रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन




**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के ग्राम लेंजवारा में नवयुवक मानस गान एवं रामधुनी उत्सव समिति के तत्वावधान में त्रिदिवसीय मानस गान एवं रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मानस मंडलियों एवं रामधुनी मंडलियों के द्वारा प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के संचालक भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लावातरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बस्तर, बालोद, धमतरी, मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ जैसे दूरस्थ जिलों के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों एवं रामधुनी मंडलियों ने अपनी अनुपम एवं शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संस्थापक एवं संयोजक विक्रम साहू ने बताया कि विगत 4 वर्षों से नव वर्ष के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित होते आ रहा हैं जिसमें छत्तीसगढ़ के चुनिंदा मानस मंडलियों एवं रामधुनी मंडलियों जिसे लोग मोबाइल में यू ट्यूब के माध्यम से देखते है, को आमंत्रित किया जाता है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ1 धर्मेंद्र साहू ने बताया कि प्रतिदिन केवल तीन पूर्व निर्धारित चुनिंदा मानस मंडलियों की प्रस्तुति होती है। रात्रिकालीन बेला में एक रामधुनी कार्यक्रम की प्रस्तुति होती है। कार्यक्रम में लेंजवारा सहित आसपास के ग्रामवासी भी भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेते हैं। तीन दिन तक ग्राम में भक्तिमय एवं आनंद का वातावरण रहता है तथा ग्राम की विवाहित बेटियां भी इस कार्यक्रम के अवसर पर अपने मायके आकर कार्यक्रम का आनंद लेती है।

### इनका किया गया सम्मान

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संचालक द्वय भुवन लाल साहू व्याख्याता एवं दिलीप साहू, घासीराम साहू, बीजेंद्र साहू, डॉ डाया साहू, रामखेलावन साहू, श्याम साहू कोसपातर, राजेंद्र साहू भटगांव को कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान के लिए समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

### इनका मिला विशेष सहयोग

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विक्रम साहू, डॉ. धर्मेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, मन्नू साहू, भागवत साहू, रवि साहू, ओम प्रकाश साहू, शेखर यदु, खूबी राम साहू, सोनू साहू, दुष्यंत साहू, सोहन साहू, देवेंद्र साहू, रूपेश साहू, दिलेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, नितेश साहू, रामखेलावन साहू, विनोद सेन एवं रूप सिंह साहू सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## यज्ञ के लिए नगर में हुआ भूमिपूजन



**थानखम्हरिया।** नगर में 30 जनवरी से आयोजित मां दुर्गा देवी शत चण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत हेतु स्कूल खेल मैदान यज्ञ नगर) में भूमिपूजन हुआ। पूजन पश्चात ध्वज की स्थापना की गयी। आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। श्रद्धालुओं ने अपने सुझाव, विचार रखे तथा सहयोग राशि का संकल्प लिया।

यज्ञ संरक्षक पं. ओमप्रकाश जोशी, संयोजक रामविलास शर्मा, पं. ज्ञानचंद जोशी के सानिध्य में ध्वज स्थापना की गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर अपनी संकल्प राशि की घोषणा की। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, पं दिनेश शास्त्री, पुरूषोत्तम अग्रवाल, लीलाधर चंद्राकर, शिवेंद्र प्रीति बिंदल, राजेश सिंघानिया, गिरीश शर्मा, राज शर्मा, चेतन सिन्हा, टीकम अग्रवाल, शिव केडिया, मनोज मुरारका, प्रमोद सिंघानिया, सतीश जोशी, श्रवण केडिया सहित अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने महायज्ञ की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। महायज्ञ को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का संदेश देगा।

## कथा श्रवण से शुद्ध होती है आत्मा : पं. उपाध्याय



**नवागढ़।** दुनिया में किसी प्राणी को पता नहीं होता कि उसकी मृत्यु कब होगी, लेकिन पांडव वंश के राजा परीक्षित को श्राप मिला था कि ठीक सातवें दिन सर्प के डसने से उसकी मौत होगी। अपनी मौत की तारीख निश्चित जानकर राजा परीक्षित ने शुकदेव महाराज से श्रीमद्भागवत कथा सुनी। कथा समाप्त होने के सातवें दिन तक्षक नाग ने फूलों की माला के रूप में महल के भीतर प्रवेश किया और राजा के गले में पहनाते ही अपने असली रूप में आकर राजा को डस लिया। कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्षधाम की प्राप्ति हुई। ये विचार शंकर नगर नवागढ़ में वर्मा परिवार द्वारा स्व आकाश वर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में परीक्षित मोक्ष प्रसंग में आचार्य पं.भूषण उपाध्याय ने व्यक्त किए।

परीक्षित मोक्ष प्रसंग की व्याख्या करते हुए पं. उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता। कथा सुनने के लिए देवतागण भी तरस जाते हैं। मन और आत्मा को शुद्ध करने के लिए कथा अवश्य सुननी चाहिए। जो व्यक्ति सच्चे मन से भागवत कथा सुनता है, वह कभी अपराध नहीं कर सकता। उसका हृदय परिवर्तित हो जाता है। पं. उपाध्याय ने बताया कि कथा सुनने के बाद राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। कथा समापन के दौरान कथावाचक ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, तो वहीं इसे करवाने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं।

---

## पथ विक्रेता का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**परपोड़ी।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और पीएम स्वनिधि योजना तहत आज से निकाय में शहरी पथ विक्रेताओं का परिक्षण कैंप आरम्भ किया गया। मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नेतृत्व में चल रही दोनों महत्वकांक्षी योजनओं से निकाय के सम्पूर्ण हितग्राहियों को स्वास्थ्य एवं समृद्ध बनाने का लक्ष्य आगामी माह में पूर्ण किया जायेगा। मेडिकल मोबाइल यूनिट निकाय में सुबह 8:00 से शाम 3:00 बजे तक के लिए अपनी सेवा देती है, जिसमें डाक्टर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट व नर्स रहते है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट निशुल्क होते है। नर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन करने के बाद डॉक्टर द्वारा मरीजों को उचित परामर्श देकर लैब टेस्ट एवं अन्य टेस्ट कराया जाता है। टेस्ट रिपोर्ट के अनुसार उन्हें दवाइया निशुल्क दी जाती है। मोबाइल प्ले स्टोर के माध्यम से एमएमयू मोबाइल सीजी सुडा के माध्यम से भी एप्लीकेशन एप डाउनलोड कर हितग्राही अपना पिछला और वर्तमान ओपीडी देख सकते हैं। साथ ही साथ मरीज अपने शहर में मोबाइल यूनिट के लोकेशन को ट्रेस किया कर सकते है।

## शहरी पथ विक्रेता को व्यवसाय के लिए कम ब्याज पर मिलेगा लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोडी




शहरी पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़े जाने के लिए परपोड़ी निकाय निरंतर कार्यरत है। स्वनिधि योजना अंतर्गत प्रथम किस्त 10000 रुपए, द्वितीय किस्त 20000 रुपए तथा तृतीय किस्त 50000 रुपये के ऋण बैंकों के माध्य से दिलाए जाने के लिए विभाग ने निरंतर अपना प्रयास जारी रखा है ताकि अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर निकाय के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

शासन के निर्देश से भविष्य में इस योजना से लाभांवित पथ विक्रेताओं के परिवार का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग भी किया जाएगा। ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा सके। स्व निधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जननी सुरक्षा योजना के तहत पंजीकरण, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा पी एम मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पंचायत परपोड़ी टीम द्वारा पीएम स्व निधि योजना के सफल संचालन के लिए हर संभव प्रयास फील्ड में जारी रखा है। अतः योजना से लाभ लेने के लिए पथ विक्रेता आधार कार्ड एवं अन्य आवश्य दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क करें। जिससे अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके और योजना के शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जा सके।

## स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवाइयां




हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी


नगर पंचायत परपोड़ी क्षेत्रातर्गत माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन एवं दिए गए दिशा निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य में लगे स्व सहायता समूह की स्वच्छता दीदियों द्वारा निकाय अंतर्गत सभी घरों एवं दुकानों से कचरा क्लेक्शन कर प्रबंधन एवं प्रसंस्करण किया जाता है। जिनका समुचित मेडिकल चेकअप नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित मुख्य मंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना बस में मेडिकल ऑफिसर और उनकी टीम द्वारा हर माह स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां निः शुल्क में दी जाती है। स्वच्छता कार्य में सलग्न स्वच्छता दीदियों का बेहतर स्वास्थ्य शहर की साफ-सफाई की लिए अत्यंत आवश्यक है।

---


## सभी दावेदार नगर में विकास कराने का दावा कर रहे

# आरक्षण के बाद नपा अध्यक्ष के लिए भाजपा में दावेदारों की संख्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी





नगरी निकाय चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। आरक्षण में नगर पंचायत परपोड़ी अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित हुआ है। इसके बाद नेता सक्रिय होकर चौक चौराहों में देखने को मिल रहे हैं। भाजपा नेता अब सियासी रण में है। लिहाजा उनकी बात और वादों को जनता तक लाना जरूरी है। भाजपा से सीताराम निषाद, राजेश दुबे, सतीश जैन, चंद्रप्रकाश शर्मा, शिवबती साहू का नाम संभावित प्रत्याशी के रूप में सामने आया है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीताराम निषाद का कहना है कि नगरीय चुनाव में स्वच्छ छवि, लोकप्रिय नेता को टिकट दी जाय। ऐसे नेता को टिकट मिले जिनकी वार्डों में पकड़ हो। भाजपा शासन में यहां आरक्षी केंद्र खुला और कॉले की स्थापना प्रमुख है। नगर में मेरे कार्यकाल में लाखों का निर्माण कार्य हुआ है ।

वर्तमान में अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी के पद पर कार्यरत भाजपा नेता राजेश दुबे भाजपा के काफी पुराने कार्यकर्ता है। वे अविभाजित दुर्ग जिले में युवा मोर्चा में जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला मंत्री, सहकारिता प्रकोष्ठ सहित विभिन्न पदों पर रहे हैं। इसके अलावा संगठन के कार्य का अनुभव, वे विधानसभा में चुनावी प्रभारी रहे हैं। उन्होंने कहा यदि पार्टी टिकट देती है तो अध्यक्ष के रूप में मेरी प्राथमिकता में परपोड़ी को विकासखंड बनाना, तहसील बनाना, छोटे नाला का विस्तार व सड़क निर्माण, बंधवा तलाब से टायर को जोड़ना जिससे किसान सिंचाई के रूप में उपयोग कर सके।

चारभाठा से आए नहर से परपोड़ी के किसानों की सिंचाई का लाभ दिलवाना, गोछिया सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करना। व्यापारियों को सुविधाएं दिलाना एवं व्यापार में वृद्धि हेतु योजनाओं का लाभ दिलाना। स्वास्थ्य विभाग परपोड़ी में रात्रिकालीन चिकित्सक की व्यवस्था उपलब्ध कराना। नगर के बस स्टैंड, उद्यान व खेल मैदान का सौंदर्यीकरण कराना है।

अविभाजित साजा मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा भी सशक्त दावेदार है। उन्होंने कहा पार्टी टिकट देगी तो मैं किसानों के मुद्दे पर कार्य करूंगा। छोटा नाला में सड़क निर्माण कराना, लिंमाही खार में शासकीय बोर खनन कराना, व्यापारियों को व्यवस्थित करना, अतिक्रमण के भय को दूर करना, जनता को मूलभूत सुविधा को विकसित करना है। भाजपा महामंत्री रहे सतीश जैन काफी चर्चित नाम है। उनका कहना है संगठन के आदेश का पालन करूंगा। भाजपा यदि मुझे अध्यक्ष पद के योग्य समझती है और टिकट देती है तो मैं चुनाव जरूर लड़ूंगा। यदि टिकट नहीं भी मिला तो पार्टी के हित में कार्य करूंगा।

पार्षद शिवबती साहू ने कहा कि महिला प्रत्याशी को यदि भाजपा टिकट देती है तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। भाजपा मेरा साथ देगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा का अध्यक्ष परपोड़ी में चुनाव जीतेगा तो विकास होगा, इसलिए प्रदेश की तरह स्थानीय स्तर में भी भाजपा का शासन होना चाहिए ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411